**संख्या- 20/675/बयालिस-2015-12(निर्माण)/2012**

प्रेषक,

अनिल कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**खेल अनुभाग** **लखनऊ : दिनांक : 25 मार्च, 2015**

**विषय-** **जनपद इटावा स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ हाकी मैदान, बैडमिन्टन हाल का जीर्णोद्धार एवं जिम्नेजियम व बाउण्ड्रीवाल के निर्माण के सम्बन्ध में पुनर्विनियोग के माध्यम से धनराशि दिये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- जी- 1267/नि0 इटावा स्टे0 पत्रा0/2014-15, दिनांक 04.03.2015 एवं शासनादेश संख्या- 1431(1)/बयालिस-2013-12(निर्माण)/2012, दिनांक 06 जून, 2013 एवं शासनादेश संख्या- 1636/बयालिस-2014-12(निर्माण)/2012, दिनांक 24 फरवरी, 2015 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदय संलग्न बी0एम0- 9 (भाग- 1) प्रपत्र संख्या- 814/बयालिस-2015-12(निर्माण)/2012, दिनांक 25 मार्च, 2015 के अनुसार जनपद इटावा स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ हाकी मैदान, बैडमिन्टन हाल का जीर्णोद्धार एवं जिम्नेजियम व बाउण्ड्रीवाल के निर्माण के सम्बन्ध में मूल प्रशासकीय स्वीकृति रू0 925.52 लाख एवं पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति रू0 2041.67 लाख के अन्तर की धनराशि रू0 1116.15 लाख के सापेक्ष पुनर्विनियोग के माध्यम से रू0 216.15 लाख (रू0 दो करोड़ सौलह लाख पन्द्रह हजार मात्र) अवमुक्त किये जाने की निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष सहमति प्रदान करते है :-

(1)- उपरोक्त स्वीकृत धनराशि रू0 216.15 लाख (रू0 दो करोड़ सौलह लाख पन्द्रह हजार मात्र) निदेशक, खेल द्वारा कोषागार से आहरित करके सम्बन्धित कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम को उपलब्ध करायी जायेगी। उक्त धनराशि की स्वीकृति वित्तीय वर्ष- 2014-15 में उपलब्ध परिव्यय बजट सीमा के अन्तर्गत दी जा रही है।

(2)- उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्यकतानुसार किया जायेगा तथा धनराशि को लम्बे समय तक पी0एल0ए0/डिपाजिट खाते/बैक/डाक घर में नहीं रखा जायेगा।

(3)- शेष शर्तें मूल शासनादेश संख्या- 1431/बयालिस-2013-12(निर्माण)/2012, दिनांक 06 जून, 2013 एवं शासनादेश संख्या- 1636/बयालिस-2014-12(निर्माण)/2012, दिनांक 24 फरवरी, 2015 के अनुसार यथावत रहेंगी।

**.....2**

http://shasanadesh.up.nic.in

2- उक्त मद में होने वाली व्यय अनुदान संख्या- 22 के लेखाशीर्षक-4202-शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय-आयोजनागत-03-खेलकूद तथा युवा सेवा-800-अन्य व्यय-21-जनपद इटावा में एस्ट्रोटर्फ हाकी मैदान एवं जिम्नेजियम हाल का निर्माण-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

**संलग्नक : पुनर्विनियोग।**

भवदीय,

अनिल कुमार
अनु सचिव।

**संख्या- 675(1)/बयालिस-2015-तद्दिनांक :-**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

(1)- महालेखाकार, उ0प्र0 (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
(2)- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
(3)- कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।
(4)- जिलाधिकारी, इटावा।
(5)- प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश रजाकीय निर्माण निगम लि0 लखनऊ।
(6)- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग- 1/2
(7)- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग- 5
(8)- नियोजन अनुभाग- 4
(9)- क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, कानपुर/क्रीड़ाधिकारी, इटावा।
(10)- गार्ड फाईल/कम्पयूटर प्रति।

आज्ञा से,

( अनिल कुमार )
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in